

# आधी रात ताले तोड़ मंदिर में घुसे बदमाश पुलिस गश्त देख दानपात्र छोड़ भागे...

▸ रेलिंग टूटी, मौके पर मिले खून के धब्बे, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



नवभारत न्यूज

**सैलाना।** नगर के प्रमुख आस्था केंद्र कालिका माता मंदिर में रविवार देर रात चोरी के प्रयास की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने मंदिर के मुख्य ताले तोड़कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की और रेलिंग का दरवाजा भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार बदमाश मंदिर का दानपात्र उठाकर अलग स्थान तक ले गए थे, लेकिन आशंका है कि पुलिस गश्ती वाहन को आता देख वे घबराकर दानपात्र वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे नगर में हड़कंप की स्थिति बन गई और लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

रविवार सुबह मंदिर के पुजारी नवनीत शर्मा जब मंदिर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो रेलिंग टूटी हुई थी और दानपात्र अपनी जगह से हटा हुआ था। इसके बाद तत्काल सैलाना पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले भी मंदिर क्षेत्र से पानी की मोटर चोरी होने की सूचना सामने आई थी। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि देर रात पुलिस की गश्ती गाड़ी मंदिर क्षेत्र से गुजरी थी। माना जा रहा है कि पुलिस वाहन को देखकर बदमाश जल्दबाजी में दानपात्र छोड़कर भाग निकले। घटनास्थल पर खून के धब्बे भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि ताला या रेलिंग तोड़ते समय कोई आरोपी घायल हो गया होगा। सूचना मिलते ही हीतेंद्र सिंह परिहार, फकीरचंद सोलंकी एवं मुरली कटारिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश चंदेल, ओंकारलाल पांचाल, घनश्याम कसेरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए। समिति सदस्यों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और घायल संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। धार्मिक स्थल पर चोरी के प्रयास की इस घटना से नगरवासियों में चिंता और आक्रोश का माहौल है।

# गेहूं खरीदी विवाद पर प्रशासन का स्पष्टीकरण

▸ मिट्टी अधिक मिलने पर रोकी गई ट्रॉली, जांच के बाद किसान वापस लौटा



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सोशल मीडिया पर प्रचारित गेहूं खरीदी विवाद मामले में जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए पूरी घटना की जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि 4 मई 2026 को सेनफूड वेयरहाउस स्थित समिति धराड़ के खरीदी केंद्र पर ग्राम मांगरोल निवासी किसान रामचंद्र राठौड़ अपनी ट्रॉली में गेहूं लेकर समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए पहुंचे थे। ट्रॉली में ऊपर अच्छी गुणवत्ता का गेहूं दिखाई देने पर सर्वेयर ने तुलवाई के निर्देश दे दिए थे।

लेकिन जब ट्रॉली को उठाकर खाली किया गया तो नीचे अधिक मात्रा में मिट्टी पाई गई। इस पर गोदाम कर्मचारी डीपी ओझा ने गेहूं को स्टैक पर लगाने से मना कर दिया। इसी दौरान कांग्रेस नेता डीपी धाकड़ मौके पर पहुंचे और ट्रॉली को तौलने का आग्रह करते हुए कहा कि सर्वेयर द्वारा ट्रॉली पहले ही ओके की जा चुकी है।

विवाद की स्थिति बनने पर जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी शुभम भरने, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मुकेश चौहान तथा नायब तहसीलदार आर सी पांडे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की उपस्थिति में गेहूं का स्वक्तविश्लेषण किया गया, जिसमें मिट्टी की मात्रा 2.5 प्रतिशत पाई गई।

इसके बाद ट्रॉली में से दो बोरी गेहूं हाथछन्ने से छनवाकर पुनः जांच की गई, जिसमें मिट्टी 1.2 प्रतिशत मिली। यह मात्रा निर्धारित एफएक्यु सीमा 0.75 प्रतिशत से अधिक थी।

अधिकारियों ने किसान को रतलाम मंडी में उपलब्ध वाइब्रेटर ग्रेडर अथवा मैग्नेटिक ग्रेडर से गेहूं साफ करवाने की सलाह दी, लेकिन किसान स्वेच्छा से अपनी ट्रॉली वापस लेकर चला गया।

# टिकट चेकिंग में रतलाम मंडल ने अप्रैल में कमाए 3 .41 करोड़



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने अप्रैल 2026 में टिकट चेकिंग अभियान के जरिए रिकॉर्ड 3.41 करोड़ का राजस्व अर्जित कर नई उपलब्धि हासिल की है। यह मंडल के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शामिल है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, टिकट चेकिंग स्टाफ ने पूरे माह औसतन 11.37 लाख प्रतिदिन की आय दर्ज की। यह मार्च 2022 में बने 3.31 करोड़ के पुराने रिकॉर्ड से लगभग 3 प्रतिशत अधिक है।

विशेष रूप से 29 अप्रैल 2026 को टिकट चेकिंग टीम ने एक ही दिन में 16.56 लाख का राजस्व अर्जित किया, जो अब तक की सर्वाधिक एकल-दिवसीय आय रही। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पश्चिम रेलवे मुख्यालय के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक तरुण जैन ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं टिकट चेकिंग स्टाफ की सराहना की। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने इस सफलता का श्रेय वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिना वी. केवलरामानी सहित पूरी टीम के नेतृत्व, समर्पण, टीमवर्क और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि रतलाम मंडल की टीम आगे भी इसी उत्साह और निष्ठा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगी।

# ताल-आलोट में दो फर्म बिना खाद्य लाइसेंस संचालित मिलीं, प्रकरण दर्ज

**आलोट/ताल।** ताल और आलोट क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा ने कार्रवाई के दौरान ताल स्थित विनयकुमार कैलाशचंद्र फर्म से हॉर्लिक्स पाउडर का नमूना लिया। इसके बाद ग्राम बामनखेड़ी स्थित श्री कृष्णा दूध संग्रहण केन्द्र से गाय के दूध का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। आलोट क्षेत्र में बजरंग आइसक्रीम एवं श्री देवनारायण आइसक्रीम निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। बजरंग आइसक्रीम से कुल्फी तथा श्री देवनारायण आइसक्रीम से गुलाब सिरप और शक्कर घोल के नमूने लिए। वहीं संजय चौक आलोट स्थित रचित किराना से बादाम, वनस्पति एवं रसोई रीत सोयाबीन तेल के नमूने भी जांच के लिए जब्त किए गए। जांच के दौरान बजरंग आइसक्रीम और रचित किराना बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित पाए गए। इस पर विभाग ने दोनों फर्मों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित फर्मों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### नगर निगम के सफाई दल ने चार बावड़ी और त्रिवेणी कुण्ड की सफाई कार्य किया पूर्ण



**रतलाम।** शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार कार्य के तहत महापौर प्रहलाद पटेल व निगम आयुक्त अनिल भाना के निर्देशानुसार उंकाला रोड स्थित अष्ट भुजा मंदिर के सामने वाली बावड़ी की सफाई का कार्य स्वास्थय विभाग के अमले द्वारा करवाया जाकर यथा समय कचरा उठवाया गया एवं रहवासियों से बावड़ी को स्वच्छ रखने की अपील की गई। नगर निगम के स्वास्थय विभाग अमले द्वारा दो मुंह की बावड़ी, जिला चिकित्साल की बावड़ी, षास्त्रीनगर बावड़ी व उंकाला रोड़ अश्ट भुजा मंदिर के सामने वाली बावड़ी के अलावा त्रिवेणी कुण्ड की सफाई का कार्य पूर्ण करवाया जा चुका है। उंकाला रोड़ अष्ट भुजा मंदिर के सामने वाली बावड़ी की सफाई कार्य के दौरान क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती आयुषी सांकला, पार्षद प्रतिनिधि जलज सांकला, स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, वार्ड प्रभारी निर्मल हाड़े व नागरिक उपस्थित थे।

### जैविक हाट बाजार में 30300 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय



**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 8 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 12000 रुपये का विक्रय किया गया। उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 800 रुपये का, तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 1800 रुपये का, नरसिंह कालजी सैलाना द्वारा हरी सब्जी 1500 रुपये का, दिलीप पाटीदार (करिया) द्वारा देसी घी 10000 रुपये का, बालकृष्ण तिवारी द्वारा गेहूं 1200 रुपए का, दिलीप धाकड़ सादा खेड़ी द्वारा शहद 2820 रुपये का एवं टीकमचंद जोगचंद नामली द्वारा जैविक उत्पाद विक्रय किए गए। जैविक हाट बाजार में कुल 30300 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

### एसडीओपी नगर भ्रमण के बाद बोले- चोरी की वारदाता का जल्द करेंगे खुलासा

**बड़ावदा।** एसडीओपी संदीप मालवीय ने शनिवार रात थाना परिसर में थाना प्रभारी वैभव प्रिय से पिछले दिनों हुई चोरियों की घटनाओं सहित अन्य बिंदुओं पर काफी देर तक चर्चा की। उसके बाद मालवीय रात 11 बजे से नगर के कई मार्गों का निरीक्षण करने निकले एवं लोगों से संवाद किया। सदर बाजार में मौजूद नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र कुमावत, जिला योजना समिति सदस्य अनिल अवस्थी से भी चर्चा की। मालवीय ने इस प्रतिनिधि को बताया कि पिछले दिनों इलेक्ट्रानिक दुकानों एवं एक खेत पर हुई चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा। हमारी टीम चोरों की तफ्तीश में लगी हुई है,। नगर में अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था बिगड़ने की शिकायत आ रही है। राजस्व विभाग, नगर परिषद से चर्चा कर मुहिम चलाएंगे।

# बिना हेलमेट चलने वाले 1 हजार 374 वाहन चालकों पर कार्रवाई

▸ पुलिस ने विशेष अभियान में 4 लाख से अधिक समन शुल्क वसूला

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा जिलेभर में विशेष यातायात सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद सोनी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत यातायात पुलिस एवं थाना स्तर की टीमों द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश दी जा रही है कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

जागरूकता अभियान के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस द्वारा 26 अप्रैल 2026 से 9 मई 2026 तक जिलेभर में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले कुल 1374 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 4 लाख 9 हजार 200 का समन शुल्क वसूला गया।

रतलाम पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार तथा परिचितों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और छोटी सी सावधानी किसी की जान बचा सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मदर्स डे पर सांस्कृतिक मंच ने किया माताओं का सम्मान



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** मदर्स डे के अवसर पर श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज सांस्कृतिक मंच महिला युवा समिति द्वारा मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की माताओं का सम्मान कर उनके त्याग, समर्पण और संस्कारों को नमन किया गया।

इस अवसर पर अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने सभी मातृशक्ति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां का पूरा जीवन परिवार और बच्चों के लिए समर्पित रहता है। उन्होंने कहा कि माताएं अपने स्वयं की चिंता किए बिना परिवार के सुख और संस्कारों के लिए निरंतर कार्य करती हैं, इसलिए समाज और देश आज मातृशक्ति को नमन करता है। कार्यक्रम में मंच अध्यक्ष कमलनयन व्यास, सचिव अंकित दवे, कार्यकारी अध्यक्ष स्मिथ ओझा सहित चेतन व्यास, विपिन मोना त्रिवेदी, अरुणेश भूपेंद्र व्यास, राखी मनोज दशोत्तर, सोनिया प्रकाश व्यास, राखी अवनीश ओझा, आरती सुरेश कोटिया, प्रवेश कोटिया, कीरण ओझा, विशाल कुमुद व्यास, तन्मय व्यास, प्रतीक ओझा, प्रतीक त्रिवेदी, सुरेश व्यास, सुभाष व्यास एवं अनिमेष कोटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने माताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

# राज्यपाल ने रेडक्रॉस और जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों को किया सम्मानित

▸ विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भोपाल में रतलाम के समाजसेवियों और शिक्षकों का अभिनंदन




नवभारत न्यूज

**रतलाम।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 'उत्कृष्ट सेवा सम्मान' समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, समाजसेवा, जनजागरूकता एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंगूभाई पटेल ने अपने कर-कमलों से प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश चेयरमैन डॉ श्याम कुमार कुमरे, वाइस चेयरमैन मनीष रावल एवं महासचिव रामेंद्र सिंह उपस्थित रहे। जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में युवाओं को सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता एवं कल्याणकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए जिला जूनियर रेडक्रॉस के जिला संगठक एवं प्राचार्य उत्कृष्ट सुभाष कुमावत, काउंसलर अनिल शर्मा, माया मौर्या तथा कार्यालयीन सहायक राजेंद्र पाण्डे को सम्मानित किया गया।

साथ ही रतलाम जिला रेडक्रॉस से हेमंत मूणत को नेत्रदान जागरूकता, समाजसेवा एवं मानवीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में जय तलेरा, यश मूणत एवं यश मित्तल का भी विशेष अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों एवं युवाओं में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए निरंतर कार्य करने का संदेश दिया।

रतलाम रेडक्रॉस एवं जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी लगातार समाजहित, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, नेत्रदान एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

संस्था के चेयरमैन प्रीतेश गादिया, वाइस चेयरमैन सुशील मूणत, कोषाध्यक्ष संजय लूनिया एवं संचालक मंडल सदस्यों ने सभी सम्मानित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं।

# जिला जेल रतलाम में बंदियों को मिलेगा रोजगार और प्रशिक्षण

**रतलाम।** जिला जेल रतलाम में बंदियों के सकारात्मक सुधार और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अनूठी पहल की गई है। जेल प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से अब जेल के भीतर बंदियों को न केवल कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि रिहाई के बाद उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जाएगा।

जेल अधीक्षक भदौरिया और जेलर मकवाना के मार्गदर्शन तथा समाजसेवी सौरभ बोथरा के विशेष प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में ऋषभ इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर अनुज छाजेड़ ने बंदियों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी ली है। छाजेड़ ने घोषणा की कि बंदियों को जेल के भीतर ही हुनर सिखाया जाएगा ताकि सजा पूरी होने के बाद वे समाज की मुख्यधारा में लौटकर सम्मानजनक आजीविका कमा सकें। दोस्ती फाउंडेशन के अध्यक्ष महेंद्र बोथरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गौरतलब है कि बोथरा परिवार एवं फाउंडेशन द्वारा पूर्व में भी जेल में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आरओ प्लांट, एलईडी टीवी, गद्दे, चादर और ठंड में कंबलों का वितरण किया गया है। जेल अधीक्षक श्री भदौरिया ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि जेल जैसे संवेदनशील स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं की सक्रियता कम होती है, ऐसे में बोथरा और छाजेड़ परिवार का यह कदम अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के दौरान सेवा भारती के जिलाध्यक्ष अनुज छाजेड़ एवं जैन दिवाकर श्री संघ के महेंद्र बोथरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वतंत्र पाटनी, कमल पाटनी, जितेंद्र गर्ग, राजेश गोयल सहित गणमान्य जन उपस्थित थे।



# जय श्रीराम के साथ गूंजेंगे शनिदेव के जयकारे

▸ ढोढर में शनिधाम अमृत जन्मोत्सव प्रारंभ

**ढोढर।** ढोढर में सात दिवसीय श्री शनिधाम अमृत जन्मोत्सव का आयोजन रविवार से प्रारंभ हो गया है। इसके तहत तीन दिनों तक शनिदेव चरित्रामृत कथा व चार दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन होगा।

ढोढर में महू-नीमच फोरलेन रोड के नजदीक पुलिस चौकी के पीछे पिंगला नदी तट के किनारे स्थित शनिधाम मन्दिर पर श्री श्री 1008 संत श्यामसुंदर बापू गुजरात वालों के मुखारविन्द से श्रीराम कथा के दौरान प्रवचनों की गंगा बहेगी। जबकि जितेन्द्रसिंह गुरुजी शनिदेव चरित्रामृत कथा का पाठ कर भक्तों को प्रवचनों का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन प्रातः 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। रविवार को कलश यात्रा निकली, जो बाबा रामदेव मन्दिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए शनिदेव मन्दिर पहुंची। कार्यक्रम के तहत पंच दिवसीय यज्ञ 12 मई से शुरू होगा। जिसका समय प्रातः 7 बजे से प्रातः 11 बजे का रहेगा। शनिधाम मन्दिर शनि भगवान, पंचमुखी बालाजी, उत्तरमुखी बालाजी, विष्णु भगवान प्रथम अवतार, भोलेनाथ, भेरूबावजी मंदिर पर ध्वजा चडाई जाएगी। यज्ञ पंच कुंडालय के समापन अवसर पर महा आरती होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी वितरित की जाएगी। इससे पहले श्री संकट मोचन व्यायामशाला के कलाकारों द्वारा मलखम्ब व अन्य करतब का प्रदर्शन किया जाएगा। सकल पंच शनिधाम मन्दिर के आयोजकों ने धर्मप्रेमी जनता से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक की संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## एक नजर में — कस्तूर पावन धाम पर होगा 17 मई रविवार को आयोजन

# संत समाज करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन



प्रवर्तक श्री विजय मुनि जी म सा | उपाध्याय श्री गौतम मुनि जी म सा | अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ कुमुदलता जी म सा

नवभारत न्यूज

**जावरा।** संतों का आगमन नगर में नई रोशनी के साथ जन जन के लिए उत्साह लाता हैं ऐसा ही आगमन का अवसर जावरा नगर में हो रहा है।

ज्ञात रहें की नगर में 17 मई रविवार को कस्तुर पावन धाम के लोकार्पण और भूमि पूजन समारोह के लिए 11 मई को जैन दिवाकरीय उपाध्याय श्री गौतम मुनि मसा, आगम ज्ञाता श्री वैभव मुनि जी सागर वेयरहाउस से विहार कर जावरा स्वाध्याय भवन पर पधार रहे हैं।

साथ ही प्रवर्तक विजय मुनि मसा, उपप्रवर्तक श्री चंद्रेश मुनि मसा ढोढर से विहार करते हुए 11 मई को अरिहंत कोल्ड स्टोरेज विहार करते हुए 12 मई को जावरा पधारेगें। जावरा नगर की बेटी महासती डॉ कुमुदलता जी मसा, डॉ महाप्रज्ञाम सा, डॉ पदमकिर्ती मसा, डॉ राजकिर्ती मसा 11 मई को रोजाना से होते हुए 12 मई को जावरा आ रहे हैं।

उक्त जानकारी देते हुए मिडिया प्रभारी गुरु संदीप रांका, सुभाष टुकडियां ने बताया की गुरु भगंवतो के आगमन पर सभी श्रावक श्राविका से निवेदन है कि विहार में पधारकर सेवा समर्पण के साथ गुरुभक्ती का परिचय दे। पुर्वाध्याक्षद्वय दिपचंद डांगी, बसंतीलाल चपडोद, पारसमल बरडिया, सुशील चपडोद, पुखराजमल कोचटटा के साथ कस्तुर पावन धाम अध्यक्ष राकेश मेहता, सचिव सुजानमल कोचट्टा, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा के साथ श्रीपाल कोचट्टा, चन्द्रप्रकाश ओस्तवाल, पारस गादिया, अजीत रांका, सुरेश मेहता, शांतिलाल दुग्गड, आकाश जैन, विनोद लूनिया, दिलीप चत्तर, अभय सुराणा, प्रकाश बोथरा, बसंत बोथरा, राजमल खारीवाल, अभय चोपडा, अतुल मेहता, सुरेन्द्र मेहता, विशाल चत्तर, कनकमल चोरडिया, समरथमल ओस्तवाल, शांतिलाल डांगी, शेखर नाहर, रमेश जैन वकील सा, आयुष चोरडिया, सुजानमल औरा, अनिल दुग्गड, जतिन कोच्चटा, संजय भंडारी, फतेहलाल जैन, यश जैन, रुपेश दुग्गड, उज्जवल भंडारी, राहुल रांका, अशोक झामर, विजय नाहर, राकेश एम कोचट्टा, राकेश कोचट्टा, सुरेन्द्र कोचट्टा, पारसमल औरा, मनोज डांगी, नितिन कोलन, संदीप श्रीमाल, संदीप जैन, मनीष पोखरना, अंकुर जैन आदि ने कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।